*भावना – बुजुर्गों का परिवार*

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति। सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

**पी–4/403, चंद्रा पैनोरमा, सुशांत गोल्फ़ सिटी, शहीद पथ, लखनऊ–226030, उ.प्र., भारत**

**फोनः**+91-522-4016048 **वेबसाइटः** www.bhavanaindia.org **ई.मेलः** bhavanasindia@gmail.com

**पत्रांक : भावना /AGM-24/15** **दिनांक : 06-03-2024**

**भावना का 24वां वार्षिक महाधिवेशन**

**दिनांक 25 फरवरी 2024 को संपन्न आम सभा की बैठक का कार्यवाही विवरण**

सभा स्थल : महामना मालवीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विवेक खंड - 1, गोमती नगर, लखनऊ-226010

समय : प्रातः 11:00 बजे

उपस्थिति : समिति के कुल सदस्यों 1069 में से 103 सदस्य (प्रोक्सी सहित) सभा में उपस्थित थे । कोरम पूरा था।

**<u>कार्यवाही विवरण</u>**

1. उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम का संचालन भावना के महासचिव (प्रशासन) श्री देवेंद्र स्वरूप शुक्ला द्वारा किया गया।

2. संचालक महोदय के अनुरोध पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुकेश शर्मा, माननीय सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश, भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला, कार्यक्रम के सभापति न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा, भावना के उपाध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता एवं भावना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार द्वारा मंच पर आसन ग्रहण किया गया।

3. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, भावना अध्यक्ष सहित समस्त मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं महामना मदन मोहन मालवीय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर किया गया।

4. कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा खड़े होकर भावना संकल्प गीत का गायन किया गया।

5. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत भावना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा शाल एवं पुष्प गुच्छ से किया गया । मंचासीन अन्य सभी महानुभावों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया।

6. भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सभा अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया गया।

7. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुकेश शर्मा जी द्वारा भावना द्वारा संचालित कार्यक्रमों की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी एवं समाज सेवा में भावना के योगदान की सराहना की गयी । मंचासीन अन्य विशिष्ट जनों ने भी सभा को संबोधित किया।

8. भावना शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 19 विद्यालयों के 148 छात्रों को शिक्षा सहायता योजना की दूसरी किश्त प्रदान की गई।

9. भावना के प्रमुख महासचिव श्री योगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा समिति की 2023 - 24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें गत एक वर्ष में हुई गतिविधियों एवं आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों का विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया । बैठक में उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अधिवेशन के आंतरिक सत्र में सदस्य अपने-अपने विचार अवश्य रखें ताकि विचारोपरांत सदन के मत के अनुरूप आगामी वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए कार्यक्रमों का निर्धारण किया जा सके।

10. कार्यक्रम के सभापति एवं भावना अध्यक्ष द्वारा 80 वर्ष तथा अधिक आयु प्राप्त कर चुके निम्न सदस्यों का माल्यार्पण कर एवं शाल पहनाकर सार्वजनिक अभिनंदन किया गया :

- ❖ श्री रामबाबू गंगवार, सदस्यता क्रमांक R14/124
- ❖ श्री रामलाल गुप्ता, सदस्यता क्रमांक R16/150
- ❖ श्रीमती सुशीला भदोरिया, सदस्यता क्रमांक S138/619
- ❖ श्री दीनबंधु यादव, सदस्यता क्रमांक D33/742

सम्मानित हुए सदस्यों ने भावना से जुड़े अपने अनुभव साझा किये।

11. भावना के संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला जी एवं श्रीमती दया शुक्ला जी को वर्ष 2000 में भावना की स्थापना से अब तक लगभग 24 वर्षो से पूर्ण समपर्ण भाव से विशेष योगदान के लिए भावना की ओर से भावना के संरक्षक न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा जी एवं वरिष्ठ विशिष्ट सदस्य श्री अभय शरण कपूर जी एवं श्रीमती अरुण कपूर जी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं शाल से सम्मानित किया गया ।

12. भावना के उपाध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता द्वारा सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, कार्यक्रम के सभापति, विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आगंतुक सदस्यों को भावना प्रबंधकारिणी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रबंधकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने महाधिवेशन के आयोजन में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया । अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पर महधिवेशन के उद्घाटन सत्र के समापन की घोषणा की गई एवं सभी उपस्थित जनों को सहभोज हेतु आमंत्रित किया गया।

13. आंतरिक सत्र

सहभोज एवं माननीय मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को सम्मान सहित विदा करने के उपरांत आम सभा के आंतरिक सत्र का शुभारंभ हुआ।

भावना के महासचिव (प्रशासन) द्वारा आंतरिक सत्र का संचालन किया गया । श्री देवेंद्र स्वरूप शुक्ला ने भावना के माननीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला एवं उपाध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता को मंच पर आसन ग्रहण करने हेतु आमंत्रित किया।

14. महासचिव प्रशासन श्री देवेंद्र स्वरूप शुक्ला द्वारा दिनांक 05.03.2023 को संपन्न वार्षिक आम सभा के कार्यवृत को पढ़कर सुनाया गया एवं सदस्यों से टिप्पणी आमंत्रित की गयी । सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त न होने पर सभा द्वारा कार्यवृत का अनुमोदन किया गया ।

15. अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर महासचिव प्रसाशन ने सभा के आंतरिक सत्र की कार्रवाई आरंभ करते हुए सभा के समक्ष प्रमुख महासचिव के प्रत्यावेदन पर विचार कर सदस्यों से सुझाव / टिप्पणियां आमंत्रित की गई । सदस्यों द्वारा प्रमुख महासचिव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को पारित कर दिया गया ।

16. कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की ऑडिटेड बैलेंस शीट को प्रस्तुत किया गया । वर्ष 2022-23 के लिए आम सभा द्वारा निर्धारित आय - व्यय के विवरण के सापेक्ष वास्तविक आय - व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया । प्रस्तुत विवरण में उपस्थित सदस्यों द्वारा कुछ बिन्दुओ पर सुझाव दिए गए। प्राप्त सुझावों के आधार पर इस विवरण को भावना की आगामी प्रबंधकारिणी की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु कोषाध्यक्ष से अनुरोध किया गया । प्रेषित किये जाने वाले संशोधित विवरण को प्रबंधकारिणी द्वारा अनुमोदित करने हेतु अधिकृत किया गया।

17. कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के बजट को प्रस्तुत किया गया । प्रस्तुत बजट में सदस्यों द्वारा आगामी वर्ष में भावना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारिका के प्रकाशन हेतु आय - व्यय के विवरण को सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया । सदस्यों से प्राप्त सुझाव के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए संशोधित बजट प्रस्तुत करने हेतु कोषाध्यक्ष से अनुरोध किया गया । प्रेषित किये जाने वाले संशोधित बजट को भावना की आगामी प्रबंधकारिणी द्वारा अनुमोदित करने हेतु अधिकृत किया गया।

18. प्रबंधकारिणी की बैठक दिनांक 21-1-2024 में प्रबंधकारिणी के सदस्यों के त्यागपत्र के बाद उत्पन्न हुई स्थितियों पर विचारोंप्रांत प्रबन्धकारिणी द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार सत्र 2024 - 2027 के लिए प्रबंधकारिणी के चुनाव कराए जाने का अनुमोदन वार्षिक आम सभा में लिया गया।

19. भावना के उपाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं अध्यक्ष की अनुमति लेकर आंतरिक सत्र को समाप्त घोषित किया गया।

20. तृतीय सत्र

महासचिव प्रशासन द्वारा दिनांक 21-1-2024 को प्रबंधकारणी में लिये गए निर्णय के अनुपालन में श्री नरेश चंद्र रस्तोगी (विशिष्ट सदस्य) नामित चुनाव अधिकारी को सत्र 2024 - 2027 के लिए प्रबंधकारिणी का चुनाव संपन्न करने के लिए आमंत्रित किया गया । चुनाव अधिकारी ने इस दायित्व के निर्वहन में सहायता हेतु श्री अनिल कुमार शर्मा अध्यक्ष भावना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शाखा को आमंत्रित किया ।

21. चुनाव अधिकारी द्वारा प्रबंधकारिणी के विभिन्न पदों हेतु नामांकन आमंत्रित किये गये । प्राप्त नामांकनों की जांच करने के उपरांत, चूँकि प्रत्येक पद हेतु केवल एक-एक नामांकन ही प्राप्त हुआ था, अतः निम्नलिखित पदाधिकारियों को सत्र 2024 - 2027 हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया :-

| क्रम | पद | नाम | मेम्बरशिप नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | श्री जगमोहन लाल वैश्य | J - 16/448 (V) |
| 2 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | श्री राम लाल गुप्ता | R - 16/150 (V) |
| 3 | उपाध्यक्ष | श्री देवेन्द्र स्वरुप शुक्ला | D - 24/563 (V) |
| 4 | उपाध्यक्ष | श्री तुंग नाथ कन्नौजिया | T - 3/106 (V) |
| 5 | प्रमुख महासचिव | श्री रमा कान्त पाण्डेय | R - 80/635 (V) |
| 6 | महासचिव (प्रशासन) | श्री राजेंद्र कुमार चुघ | R - 55/428 |
| 7 | महासचिव (कार्यान्वयन) | श्री जगमोहनलाल जायसवाल | J - 17/533 (V) |
| 8 | महासचिव (एडवोकेसी) | श्री सतपाल सिंह | S-84/432 (V) |
| 9 | उप महासचिव | श्री राम मूर्ति सिंह | R - 82/653 |
| 10 | उप महासचिव | श्री राजदेव स्वर्णकार | R - 51/414 |
| 11 | उप महासचिव | श्री धनंजय दिवेदी | D - 34/770 |
| 12 | उप महासचिव | रिक्त | |
| 13 | कोषाध्यक्ष | श्री राम कृष्ण आनंद | R - 112/899 |
| 14 | सह कोषाध्यक्ष | श्री सुनील कुमार उप्रेती | S - 215/1021 |
| 15 | संप्रेक्षक | श्री राकेश चन्द्र अग्रवाल | R - 117/930 (V) |
| 16 | सदस्य | श्री आनंद जैन | A - 99/1026 |
| 17 | सदस्य | श्री आदित्य प्रकाश सिंह | A - 40/444 |
| 18 | सदस्य | श्री विनोद कुमार कपूर | V - 50/739 |
| 19 | सदस्य | श्रीमती नीना अग्रवाल | N - 46/931 (V) |
| 20 | सदस्य | प्रो०(कु०)अवनीश अग्रवाल | A - 47/508 |

चुनाव अधिकारी ने उपरोक्तानुसार चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी । तत्पश्चात चुनाव अधिकारी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मंच पर आमंत्रित कर अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की । इसी के साथ चुनाव प्रक्रिया को समाप्त घोषित कर दिया।

22. नयी प्रबंधकारिणी के गठन के फलस्वरूप भावना की नियमावली के अनुसार लखनऊ स्थित AXIS BANK एवं BANK OF BARODA के खाते का संचालन नव निर्वाचित महासचिव (प्रशासन) श्री

राजेंद्र कुमार चुघ एवं कोषाध्यक्ष श्री राम कृष्ण आनंद द्वारा संयुक्त रूप से किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया ।

23. समापन सत्र

नव निर्वाचित अध्यक्ष महोदय ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करवाने के लिए चुनाव अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया।

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आवाहन किया कि -

i. सभी सदस्य समिति के कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दें।
ii. प्रत्येक सदस्य आगामी वर्ष 2024 - 2025 में अपने माध्यम से कम से कम दो नए सदस्य बनवाने का प्रयास करें।
iii. सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया की बदले हुए मोबाइल नंबर, पता तथा ई मेल आईडी का विवरण कार्यालय मे उपलब्ध करा दें । इसके अतिरिक्त विवाह की तिथि (यदि पूर्व में उपलब्ध न करायी हो) को भी कार्यालय में उपलब्ध करा दें।
iv. समिति द्वारा सूचनाओ का अदान प्रदान WHATSAPP एवं ई मेल के माध्यम से किया जा रहा हैं अतः सदस्य अपना WHATSAPP नंबर भी कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता ने सभी उपस्थितजनों को इस बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया तथा प्रबंधकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जो इस कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय रूप से जुड़े तथा जिनके प्रयास ही यह आयोजन सफल हो पाया । इसके बाद अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा के समापन की घोषणा कर दी गयी।



राजेंद्र कुमार चुघ
महासचिव प्रशासन
9450020659